एक नजर में

### आज होगा 1101 कन्याओं का पूजन

**अशोकनगर।** नवरातिं के पावन पर्व पर रविवार को सेवा भारती द्वारा कबीरा रोड स्थित अष्टभुजी माता मंदिर पर 1101 कन्याओ का पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें भोजन कराया जाएगा । सेवा भारती जिला सचिव ने बताया कि अशोकनगर के सभी बस्तियों में घर-घर जाकर कन्याओ को आमंत्रित किया गया है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रान्त संगठन मंत्री सेवा भारती मध्य भारत प्रान्त रहेंगे।

### हत्या और लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुंगावली ।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या और लूट के मामले में पिछले 15 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर गुना जिले के फतेहगढ़ क्षेत्र में रह रहा था। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में फरार अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी मुंगावली उपनिरीक्षक अरविंद सिंह कछुवाह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि हत्या व लूट के प्रकरण में फरार आरोपी रामपाल पुत्र ओमनरेश भदौरिया निवासी गडरौली जिला शिवपुरी वर्तमान में गुना जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में फरारी काट रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी रामपाल के विरुद्ध मुंगावली न्यायालय में वर्ष 2009 में धारा 302, 394 (हत्या, लूट) के तहत मामला दर्ज था। वर्ष 2011 में अपर सत्र न्यायालय मुंगावली द्वारा उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में मुंगावली पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# ईदगाह पर सजदे में झुके हजारों सिर, मांगी अमन-चैन की दुआ

## जिले में शान-शौकत से मनाया गया ईद का त्योहार, विशेष नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद





नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में ईद का त्यौहार बडे ही शान-शौकात से मनाया गया। इस दौरान सुबह पठार स्थित ईदगाह पर ईद की विशेष नमाज अदा करते हुए अल्लाह से अमन-चैन की दुआ मांगी गई। तो वहीं नमाज के बाद मुस्लिम धर्मालंबियों द्वारा एक दूसरे को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी।

जिले में ईद को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो में खासा उत्साह देखा गया,जहां ईदगाह पर पहुंचे बच्चों से लेकर बुजुर्गो ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, तो वहीं जिले के जनप्रतिनिधयों ने भी ईदगाह पर पहुंचकर समाज के लोगों बधाईयां दी। शनिवार को ईद के चलते पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रहीं। जो जुलूस से लेकर ईदगाह पर आयोजित सामूहिक नमाज के दौरान देखने को मिली।


### अमन में चैनों शांति के लिए एक साथ झुके हजारों सिर, दुआ में मांगी बरकत

**चंदेरी।** मुस्लिम समाज द्वारा ईद उल फितर का त्यौहार शान-शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान ईद की खुशियां बच्चों में खासी देखने को मिली। मुस्लिम समाज के बच्चों से लेकर बड़े सभी नए-नए कपड़े पहनकर ईद की नमाज अदा करने पहुंचे, आज ईद की नमाज में हजारों की तादाद में सजदे में सिर झुकें और अल्लाह से मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की चंदेरी की ऐतिहासिक ईदगाह में ईद की नमाज हाफिज जाबिर साहब द्वारा अदा कराई गई। वहीं ऐतिहासिक जामा मस्जिद में हाफिज रशीद साहब द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। इसके अलावा मस्जिद बनाकर खानी सदर बाजार में हजरत मौलाना नवेद रजा साहब दरगाह हज़रत मखदूम शाह विलायत पर हाफ़िज़ शहजाद साहब, तलैया मस्जिद में हाफिज सद्दाम साहब, लाल बावड़ी मस्जिद में हाफिज जैनुल आबेदीन साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। ईद को लेकर सोशल मीडिया पर भी गंगा जमुना तहजीब आपसी भाईचारा मेल मिलाप देखने को मिला, जहां व्हाट्सएप ग्रुप से लेकर फेसबुक तक सभी धर्मो संप्रदायों के लोग मुस्लिम समाज के लोगों को अपनी ओर से शुभकामना संदेशों के माध्यम से मुबारकबाद देते रहे। वही ईदगाह से लेकर जामा मस्जिद में जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस की ओर से सभी जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जामा मस्जिद के शाही पेश इमाम शहर काजी हाफिज अब्दुल रशीद साहब ने कहा कि मुल्क की बेहतरी के लिए आज दुआ की है मुल्क में अमन चैन बनी रही और अपने पैगाम में सभी लोगों को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी।

### ईद के मुबारक मौके पर घर-घर बनीं मीठी सिवईयां, ईदगाह में हुई विशेष नमाज अदा

**नवभारत नईसराय।** तहसील मुख्यालय पर ईद का त्योहार उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज द्वारा भैंसा रोड स्थित ईदगाह पर विशेष नमाज अदा करते हुए देश की अमन चैन के लिए दुआएं मांगी और खुशी के लिए इबादत की। ईद के चलते सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और ईदगाह पर पहुंचे, जहां नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। इस विशेष नमाज के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नए वस्त्र पहने और यह पर्व मनाया। इस दौरान घर-घर मीठी सिबईया बनाई गई, लोग एक दूसरे के घरों पर शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष गुर्जर, पटवारी बृजभान माहौर, आरआई सुरेंद्र सिंह यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# ईद पर गले मिलकर भुलाए मतभेद

नवभारत न्यूज

**शाढौरा।** उल-फितर (मीठी ईद) रमज़ान के पवित्र महीने में 30 दिनों के रोज़े (उपवास) रखने के बाद पवित्र माह रमजान के समापन पर व शुक्रवार को चांद देखने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। 9 बजकर 15 मनिट पर ईद गाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सामुहिक रूप से पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन,खुशहाली और कौमी एकता के लिए विशेष दुआ मांगी गई।

इस दौरान मुस्लिम भाइयों ने सुबह की नमाज़ पडने के बाद , एक दूसरे को गले मिले और ईद मुबारक देते हुए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी और भाईचारे एव एकता का संदेश दिया वही घर - घर सेवाइयों के मीठे पकवान आदि बनाए गए सेवइयों के व्यंजन का लुत्त उठाया और सभी मुस्लिम भाई नए कपड़े पहने हुए न नजर आए। ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया जकात और फितरा: ईद उल फितर के अवसर पर ईद की नमाज़ से पहले मुस्लिम भाइयों द्वारा जरूरतमंदों लोगो को दान (फितरा) दिया गया ताकि वे भी खुशियों में शामिल हो सकें। वहीं उल फितर ईद का त्योहार अल्लाह के प्रति आभार का प्रतीक है यह त्योहार पुराने मतभेद भुलाकर गले मिलने और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।



# बारिश और ओलों से फसलों की हिफाजत के लिए मांगी दुआ

## जिले में शान-शौकात से मनाया गया ईद का त्यौहार, गले मिल दी बधाइयां

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामों में भी ईद उल फितर का त्यौहार शानो शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सिदृत के साथ पड़ी गयी। जिसमे दुनिया मे अमनो अमन चैन के लिए हजारों हाथ उठे। इसके पहले जामा मस्जिद से जुलूस प्रारंभ हुआ जो चौधरी इशाक मोहम्मद की हबेली निकल कर ईदगाह पहुंचा। जहां पर सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। मुफ्ती मोहम्मद आमिर ने लोगों को समझाइस देते हुए बताया कि रमजान के खत्म होने पर ईद मनाई जाती है जो बहुत ही खुशी का दिन है। इस खुशी में हमे उन गरीब मुफलिस लोगों का भी ध्यान में रखते हुए सदका फितरा देकर उन्हें अपनी खुशी में बराबर से शामिल करे। सामूहिक दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठा कर किसानों के हक में दुआ करते हुए ओलों और वे मौसम बारिश से फसलों के नुकसान को रोक दे,फसलों की हिफाजत फरमा,दुनिया मे अमनो अमन चैन की हवा चला दे। मोहब्बत और भाई चारे के माहौल बना दे।देश दुनिया तरक्की की राह पर चले। वहीं लोगों ने नमाज के बाद अपने अपने बुजुर्गों की कब्रगाह जा कर उनको खुशबू लगा कर दुआ की। तो वहीं ईदगाह पर जनप्रति निधियों ने पहुंच कर मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दी। जिनमे पार्षद अरबिंद यादब, अभिषेक राय, कृष्ण कुमार राय, जगदीश चौधरी आदि शामिल रहे।



# सुख समृद्धि की कामना लेकर महिलाओं ने पूजीं गणगौर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। गणगौर पर्व के अवसर शनिवार को महिलाओं ने मंदिरों एवं घर-घर श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर माता की पूजा-अर्चना की गई ।** इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तो वहीं पूजा के समय माता को झाले देकर जल अर्पित किया गया और सुख समृद्धि की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और सामूहिक पूजा की जाती है, मां गौरी को फूल, हल्दी और कुमकुम चढ़ाती हैं पारंपरिक वस्त्रो आभूषणों मेहंदी आदि से माता का श्रृंगार किया जाता है। तो वहीं पूजा के लिए मीठे और चिटपटे विभिन्न प्रकार के श्रृंगार बनाने के साथ पकवान बनाए जाते है, जो शिव गौरी को समर्पित किये जाते है।




# जुजित्सु के लिए शिवार्थ को सीएम ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विगत दिनों बंसल ग्रुप द्वारा प्रदेश के खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग एवं खेलों में उन्हें नई उड़ान देने के उद्देश्य से पंख अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जिले से जुजित्सु खेल में शिवार्थ धुरेंटे को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंख अवार्ड, गोल्ड मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं पचास हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले के जुजित्सु खिलाडी लगातार अपनी मेहनत से पहचान बना रहे हैं और पिछले 6 वर्षो में अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर सेंकड़ो पदक मध्यप्रदेश सहित जिले को दिलाये हैं, जुजीत्सु एक जापानी मार्शलआर्ट खेल है जो मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त है।



# हत्या के चार आरोपियों को उम्रकैद

अशोकनगर। न्यायालय द्वारा हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए हत्यारोपी 4 आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। दरअसल सेहराई थाना अंतर्गत ग्राम रूहाना में 15 मई 2020 को देवेन्द्र पुत्र गोविंददास शर्मा उम्र 35 वर्ष अपने खेत पर भूसा भरने गया था। इसी दौरान आरोपी अंगद लोधी, बहोरन लोधी, लल्लू उर्फ लालाराम लोधी एवं कप्तान लोधी के साथ भैंस हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी एवं पत्थर से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में थाना सेहराई में अपराध क्रमांक 76/2020 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि का पंजीयन कर विवेचना प्रारंभ की गई। उपचार के दौरान फरियादी देवेन्द्र शर्मा की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं विवेचना पूर्ण कर चालान पेश किया गया। जिसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा 18 मार्च को प्रकरण सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों को दोषी पाते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

**क्रिकेट महाकुंभ**

**टूर्नामेंट का एमपीसीए के अध्यक्ष महाआर्यमान सिंधिया करेंगेग शुभारंभ, विधायक ने ली तैयारियों की बैठक**

# अर्जुन कप में 180 टीमों के दो हजार खिलाड़ी दिखाएंगे दम

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** नगर में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए आयोजित होने वाला अर्जुन क्रिकेट कप इस बार बेहद खास होने जा रहा है। आगामी 23 अप्रैल से शुरू होने वाले नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-4 का भव्य शुभारंभ मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया करेंगे। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका मुंगावली का पहला दौरा है, जिसे लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है।

**विधानसभा स्तरीय हुई बैठक:**

शनिवार को स्थानीय विश्राम गृह में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में मुंगावली विधानसभा के छः मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक और जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि युवराज महानार्यमन सिंधिया के प्रथम नगर आगमन पर उनका ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया जाए।



**महोत्सव का रूप लेगा टूर्नामेंट, दिखेंगे देशी खेल:**

ज्ञानालय परिवार के संयोजक विधायक पुत्र अर्जुन सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्रीय सांसद की इच्छानुसार इस बार इस आयोजन को एक महोत्सव का रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष टूर्नामेंट में कई नए नवाचार देखने को मिलेंगे क्रिकेट के साथ-साथ इस बार कबड्डी, बैडमिंटन और खो-खो जैसे खेलों में बालिकाओं की टीमों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। नव संवत्सर और नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजन स्थल पर भव्य मेले का आयोजन होगा जिससे क्षेत्रवासी खेल के साथ मनोरंजन का आनंद भी ले सकेंगे।

**180 टीमें लेंगी हिस्सा:**

अर्जुन यादव ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में 156 टीमों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस बार यह संख्या बढ़कर 180 तक पहुंचने की उम्मीद है। लगभग 2000 खिलाड़ी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने बताया कि ज्ञानालय परिवार के माध्यम से निखरे खिलाड़ी आज मध्य प्रदेश की अंडर-15 टीम व ग्वालियर टेनिस लीग जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बना रहे हैं। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के आगमन से इन स्थानीय खिलाड़ियों को सीधा मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलेगा।

**युवाओं में भरेगा जोश:**

विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महानार्यमन सिंधिया स्वयं युवा हैं और मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं उनके आने से क्षेत्र के उन युवाओं को प्रेरणा मिलेगी जो सीमित संसाधनों में भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। महाआर्यमान शाम 6 बजे मुंगावली पहुंचेंगे जिसके बाद टूर्नामेंट का विधिवत आगाज़ किया जायेगा।

# मुनिश्री अविचल सागर की भव्य अगवानी

**शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा**

**जगह-जगह श्रद्धालुओं ने किया पद्प्राक्षलन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** दया भावना गौ चिकित्सालय प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज का शनिवार की सुबह दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी से पद विहार करते हुए नगर में पहुंचे। इस दौरान नवीन वस स्टेंड पर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी सहित अन्य प्रमुखजनो ने मुनि श्री की अगवानी की और इसके बाद मुनिश्री को बैन्ड बाजे के साथ महिला मंडलों ने कलशों से अगवानी की।

**पार्श्वनाथ मन्दिर से भव्य जूलस के रूप में हुआ मंगल प्रवेश:**

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में मुनिश्री को भव्य शोभायात्रा के साथ पार्श्वनाथ मन्दिर से लेकर चले जहां शोभायात्रा में आगे आगे श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के बच्चे धर्म ध्वजा लिए हुए थे, तो वहीं उनके पीछे युवा मंडल के बच्चो द्वारा दिव्य घोष का बादन किया जा रहा था। इसके बाद जैन युवा वर्ग द्वारा जय जय कार के जयघोष लगाए जा रहे थे। यह शोभायात्रा पछाडीखेड़ा रोड़ से प्रारंभ होकर गांधी पार्क, भगवान महावीर मार्ग, आचार्य श्री विद्यासागर द्वार होते हुए सुभाष गंज पहुंची, जहां शोभायात्रा धर्मसभा में तब्दील हो गई। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों मुनिश्री की पादपक्षालन कर आरती उतारी गई।

आपके यहां हुये वर्षावास की महक फिजाओं में आज घूम रही है--अविचल सागर जी महाराज* धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागरजी महाराज ने कहा जब तक हमारे कर्म नहीं बदलेंगे तब तक हम नहीं बदल सकते हैं।

